प्रेस नोट

दिनांक 04.03.2026

होली पर्व के दृष्टिगत कस्बा मौदहा में अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पैदल गश्त/भ्रमण किया गया।

आज दिनांक 04.03.2026 को होली पर्व के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा कस्बा मौदहा क्षेत्र में पैदल गश्त/भ्रमण किया गया। गश्त मुख्य बाजार, बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर किया गया तथा आमजन व व्यापारियों से संवाद कर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की गई।

इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सोशल मीडिया पर भ्रामक/आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। गश्त में क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक मौदहा सहित पर्याप्त पुलिस बल उपस्थित रहा ।